# कांग्रेसजनों ने पूनिया के बयान के विरोध में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पुतला फूंका

**बीकानेर, (कासं)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के अमर्यादित बयान पर बीकानेर शहर जिला कांग्रेस ने मंगलवार को कोटगेट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जूतों की माला पहनाकर उनका पुतला फूंका

रविवार शाम को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अपना कोटा दौरा खत्म करके वापस जयपुर लौट रहे थे। तभी हाईवे 52 पर बल्लोप के निकट विकास मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र सांखला के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूनिया की कार को घेरकर विरोध शुरू कर दिया था। सांखला का आरोप था कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने विवादित बयान दिया है कि कांग्रेस पार्टी, भाजपा के जूते के बराबर भी नहीं है, इसके लिए कांग्रेस को सात जन्म लेने पड़ेंगे। उनके इस बयान से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को ऐसा बयान शोभा नहीं देता, जो कांग्रेस देश में 70 साल तक सत्तासीन रही, उसके लिए सतीश पूनिया ने गलत बयानबाजी की है।



बीकानेर में कांग्रेसजनों ने कोटा में कांग्रेस के खिलाफ दिए बयान के विरोध में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का कोटगेट पर पुतला फूंका।

- विकास मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र सांखला का आरोप था कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया ने विवादित बयान दिया है कि कांग्रेस पार्टी भाजपा के जूते के बराबर भी नहीं है, इसके लिए कांग्रेस को सात जन्म लेने पड़ेंगे

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बीकानेर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज तक अलोकतांत्रिक बर्ताव के लिए मशहूर रही है और ये पार्टी कितनी संस्कारी है ये प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का बयान बताता है। जिस पार्टी का इतिहास देश सेवा और उसके मान सम्मान और गर्व को बचाये रखने के लिए बलिदान का स्वर्णिम इतिहास हो उस पार्टी के लिए उनका यह बयान उनके संस्कृति और संस्कारों को बयां करता है।

यशपाल गहलोत ने कहा कि अगर प्रदेशाध्यक्ष ने अपने बयान पर माफी नही मांगी तो उनके खिलाफ प्रदर्शन जारी रहेगा और उनके बीकानेर में प्रवेश करने से रोकने का कार्य भी होगा। यशपाल गहलोत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस देश के लिए समर्पित है और उस पार्टी के लिए अगर कोई अनर्गल टिप्पणी करता है तो वो कांग्रेस के सिपाही सहन नहीं करेंगे।

यशपाल ने कहा कि या तो पूनिया सार्वजनिक रूप से माफी मांगें या फिर कांग्रेस के सिपाहियों के विरोध को झेलने के लिए तैयार रहें।

शहर कांग्रेस प्रवक्ता नितिन वत्सस ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन के दौरान सतीश पूनिया के खिलाफ महासचिव ललित तेजस्वी, सुभाष स्वामी, हरिशंकर नायक, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, आनंद सिंह सोढा, रमजान अली कच्छावा, सचिव रवि पारीक, राजेश दाधीच, रवि पुरोहित, महिला अध्यक्ष सुनीता गौड़, देहात महिला अध्यक्ष राजकुमारी व्यास, किशनलाल इनखिया, मुमताज सेख, सीता देवी रामावत, पार्षद मनोज किराडू, गोवर्धन मीणा, वसीम फिरोज अब्बासी, एनुल अहमद, रविकात वाल्मीकि, रामनाथ आचार्य सोहन राव, डॉ मिर्जा हैदर बेग, अनवर अजमेरी, बलराम नायक, मेक्स नायक, अभिषेक पंवार ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बयान उनकी छोटी सोच का परिचायक है। वैसे भी संघी लोग अपने अलावा किसी को भी महत्व नहीं देते हैं।

उनका तिरस्कार करना व्यवहार में शामिल है। इस अवसर पर राजा पंडित, खुशी शेख, विकास माकड़, गौतम वाल्मीकि, मुनीर अहमद सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सतीश पूनिया का बयान ओछी मानसिकता :** राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी यूथ फैडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद रमजान रंगरेज ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के बयान पर कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि पूनिया का बयान ओछी मानसिकता का दिवालियापन का प्रतीक है।

रंगरेज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास आजादी से पहले का है जिसमें पार्टी ने देश के लिए अनेक कुर्बानियां दी। भारतीय जनता पार्टी के लोग आज कांग्रेस पार्टी की ही देन है। जिसकी वजह से पार्टी द्वारा किये गये कार्यों पर केन्द्र में शासन कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में खुद की पार्टी के खिलाफ बोलने का साहस नहीं है। क्योंकि पिछले लगभग 7 साल से केन्द्र की सरकार ने झूठ बोलकर आम आदमी को बेरोजगार बना दिया है और मंहगाई ने आम आदमी की कमर तोड दी है।


## स्वामी और कोच जोशी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**बीकानेर, (कासं)।** वर्ल्ड तीरंदाजी प्रतियोगिता 19 से 27 फरवरी तक दुबई यूएई में आयोजित होगी। बीकानेर के ओलम्पियन श्यामसुन्दर स्वामी स्वामी और कोच जोशी 19-27 फरवरी तक दुबई यूएई में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस समय भारतीय तीरंदाजी टीम पिछले 2 महीने से सोनीपत हरियाणा में वर्ल्ड चैम्पियनशिप के प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही है। जिला तीरंदाजी संघ के सचिव शक्तिरतन रंगा ने बताया कि वर्ल्ड तीरंदाजी प्रतियोगिता दुबई के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम की विधिवत घोषणा कर दी गई है। भारतीय तीरंदाजी टीम में राजस्थान बीकानेर के ओलम्पियन श्यामसुन्दर स्वामी को शामिल किया गया है। वहीं भारतीय तीरंदाजी टीम के कोच के रूप में एक बार फिर से बीकानेर के अनिल जोशी भारतीय तीरंदाजी टीम में चयनित हुए हैं। रंगा ने बताया कि इससे पहले भी श्यामसुन्दर स्वामी टोक्यो ओलम्पिक, एशियन गेम्स सहित दस से अधिक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तीर चला चुके हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान के ऐसे कोच अनिल जोशी है जो गत पांच वर्षों से भी अधिक समय से भारतीय तीरंदाजी टीम के कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जोशी ने भारतीय तीरंदाजी टीम के कोच के रूप में अनेक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है व टीम ने कई पदक हासिल किए हैं। स्वामी के चयन पर राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष के. के. जादम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि देश व प्रदेश के लिए पदक हासिल करने में कामयाब होंगे।

## सार-समाचार

### पुल निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा



**बीकानेर, (कासं)।** पटेल नगर वल्लभ गार्डन रोड पर स्थित रियासतकालीन पुल पिछले 4 वर्षों से भी अधिक समय से क्षतिग्रस्त है। पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण सदैव दुर्घटना का खतरा बना रहता है। रियासतकालीन क्षतिग्रस्त पुल का शीघ्र निर्माण करवाने तथा वल्लभ गार्डन चौराहे पर डिवाइडर बनावाने से संबंधित एक ज्ञापन वल्लभ गार्डन विकास मंच द्वारा जिला कलेक्टर को दिया गया। मंच के अध्यक्ष विवेक मित्तल ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के साथ क्षतिग्रस्त पुल का मौके पर आकर निरीक्षण किया था। शीघ्र की समस्या के समाधान हेतु दिशा-निंदेश दिये थे तथा 2 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से नये पुल निर्माण की बात कही थी। लेकिन पुल निर्माण कार्य की प्रगति शून्य है। साथ ही वल्लभ गार्डन चौराहे पर डिवाइडर बनवाकर संभावित यातायात दुर्घटना रोकने से संबंधित वार्ड नं 8 के पार्षद जामन लाल गजरा का मांग पत्र भी कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप महर्षि, लाल मोहम्मद भाटी, सुनील खीचड़ शामिल थे। ज्ञापन की प्रतिलिपि विधायक बीकानेर पूर्व सिद्धि कुमारी को प्रेषित कर समस्या के शीघ्र समाधान करवाने की मांग की गई है।

### ऑटोमेटिक टेबल का लोकार्पण




**बीकानेर, (कासं)।** रोटरी क्लब बीकानेर मिडटाउन की प्रेरणा से देवचन्द सोहनी देवी सामसुखा, सुरेन्द्र-संगीता सामसुखा परिवार द्वारा पीबीएम अस्पताल के यूरोलोजी विभाग में ओटी ऑटोमेटिक टेबल का लोकार्पण किया गया। क्लब अध्यक्ष पवन महनोत ने बताया कि सोमवार को ओटी ऑटोमेटिक टेबल का लोकार्पण भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक महावीर रांका, पीबीएम अधीक्षक डॉ. परमिन्द्र सिरोही, डॉ. जे. पी. स्वामी व डॉ. अशोक लूनिया द्वारा किया गया। अध्यक्ष महनोत ने बताया कि सामसुखा परिवार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में किए गए सहयोग के लिए उपस्थित जनों ने आभार व्यक्त किया। क्लब सचिव घनश्याम रामावत ने बताया कि ऑटोमेटिक टेबल आधुनिक तकनीक से एसेम्बल की गई है। ऑपरेशन में काफी उपयोगी साबित होगी। लोकार्पण अवसर पर विमल चांडक, श्रीलाल चांडक, शशि बिहाणी, एवं मधुसूदन शर्मा आदि उपस्थित थे।

### शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा



**बीकानेर, (कासं)।** गंगाशहर रोड स्थित हसावतों की बगेची में भगवान शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। भजनों पर श्रद्धालु मग्न होकर झूमे। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा विद्वानों ने मंत्रोच्चारण के साथ कराई। शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के बाद में महाआरती की गई। भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। ओमप्रकाश भोजक ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भोलेनाथ के शिवलिंग, माता पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय, नंदी और शेषनाग की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। महादेव के जयकारे लगाए। भक्त नन्दकिशोर भोजक, ओमप्रकाश भोजक, वरिष्ठ संरक्षक दाऊलाल भोजक, मक्खनलाल भोजक एवं समस्त शाकद्वीपीय हंसावत भोजक ट्रस्ट आदि का सहयोग रहा। भोजक ने बताया कि भगवान शिव के मन्दिर का जीर्णोद्धर करवाया है। मन्दिर को भव्य रुप दिया है। इस दौरान यज्ञ में समाज के बन्धुओं ने सुख-शान्ति और समृद्धि की कामनाएं कर आहुति दी।

## ‘134 विवेकानन्द मॉडल स्कूल में प्री प्राईमरी कक्षाओं का संचालन नहीं’

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया कि 134 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल स्कूलों में से एक भी स्कूल में प्री प्राईमरी कक्षाओं का संचालन नहीं हुआ, जिससे करोड़ों की लागत से बने भवन अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।

प्री प्राइमरी कक्षाओं के संचालन के लिए राज्य सरकार के वित्त विभाग ने अभी तक स्वीकृति जारी नहीं की है जिससे प्रवेश की सारी प्रक्रिया बंद पड़ी है। राजकीय मॉडल स्कूलों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में प्रति कक्षा में 15 छात्र व प्राथमिक कक्षाओं में प्रति कक्षा 40 छात्रों के प्रवेश की योजना प्रस्तावित है। लेकिन अभी तक राज्य सरकार की ओर से प्रवेश संबंधी आदेश जारी नहीं होने से प्रवेश का इंतजार कर रहें विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया सपना बनता जा रहा है।

- ये बात शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने कही
- राज्य के 134 मॉडल स्कूलों में करीब 150 करोड़ की लागत से बने भवनों का उपयोग नहीं हो रहा है

शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद का कहना है कि मॉडल स्कूलों में करोड़ों रुपए की लागत से भवन तैयार हो गए इसलिए राज्य सरकार व विभाग को राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की तरह स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूलों में भी प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया अतिशीघ्र प्रारम्भ करनी चाहिए। जिससे इन स्कूलों में प्रवेश लेने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को लाभ मिल सकें।

राज्य सरकार ने अभी तक इन कक्षाओं के अध्ययन करवाने के लिए प्रतिनियुक्ति के लिए अभी तक शिक्षकों के साक्षात्कार नहीं लिए है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 134 पिछड़े ब्लॉकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा सत्र 2014 - 15 से स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल संचालित किये गए। राजस्थान शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा संचालित स्कूल एक ब्लॉक में एक ही है जो केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध है।

शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया कि इन स्कूलों को राज्य सरकार द्वारा सेंटर एक्सीलेंसी के रूप में विकसित किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पखवाड़ा शुरू

**बीकानेर, (कासं)।** जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों को तय समय पर पूरा करवाने एवं समय पर किश्त हस्तांतरण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण पखवाड़ा सोमवार को शुरू हुआ।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. ने बताया कि वर्ष 2021-22 के तहत स्वीकृतियों के विरूद्ध 250 लाभार्थियों को प्रथम किश्त व 1 हजार 21 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त का भुगतान किया गया। पूर्व के वर्षों के स्वीकृत आवासों में 41 लाभार्थियों को द्वितीय व 66 लाभार्थियों को तृतीय किश्त जारी करते हुए 25 आवास पूर्ण करवाये गये। पूर्व में स्वीकृत 95 नए आवास प्रारंभ करवाए गए। मंगलवार को कनिष्ठ तकनीकी सहायकों द्वारा मौके पर जाकर आवास के ले आउट दिये गए।

## नोखा नगर पालिका का 80 करोड़ का सालाना बजट पारित

**नोखा, (कासं)।** नोखा नगर पालिका का 80 करोड़ का बजट पारित किया। नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर ने बताया कि नोखा पालिका एरिया के विकास के लिए हरसंभव प्रयास होगा।

नोखा नगर पालिका ने मंगलवार को अपना वार्षिक बजट पारित कर दिया। करीब अस्सी करोड़ रुपए के बजट से अगले साल कस्बे में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे ताकि चोरियों पर रोक लग सके। इसके साथ ही नोखा के कुछ चौक का सौन्दर्यकरण भी होना है।

पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर ने बताया कि अस्सी करोड़ रुपये खर्च करने के साथ ही इतनी ही आय करने का लक्ष्य किया गया है। इसके लिए कृषि भूमि, लीज मनी और केन्द्र व राज्य सरकार के अनुदान को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि नए साल में कस्बे में सीसीटीवी लगाने पर करीब साठ लाख रुपये खर्च किए जायेंगे। इसके साथ ही संतोषी चौक, पंचारिया चौक में सौन्दर्यकरण होगा। इन चौक को ऐसा बनाया जायेगा कि बाहर से आने वाले पर्यटक भी इसे देखें।

- कस्बे में सीसीटीवी लगाने पर करीब साठ लाख रुपये खर्च किए जायेंगे

नोखा में एक नया श्मशान घाट भी तैयार होगा। वर्तमान में एक ही श्मशान घाट होने से परेशानी हो रही है। कोरोना के दौर में तो लोगों को बारी का इंतजार करना पड़ा। दूरी होने के कारण शव वाहन की भी आवश्यकता है। ऐसे में एक शव वाहन भी नए साल में खरीदा जायेगा।

## श्रीगंगानगर में उद्यानिकी महाविद्यालय खोले जाने की मांग

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने जिले में उद्यानिकी महाविद्यालय खोले जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा है।

पत्र में गौड़ ने बताया कि गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले फल व सब्जी उत्पादन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इन जिलों में गंगनहर, भाखड़ा और इंदिरा गांधी नहर परियोजना का पानी लग रहा है। नहरी क्षेत्र होने से खरीफ और रबी में यहां खेती होती है। गंगानगर में उद्यानिकी महाविद्यालय आरंभ होने से यहां फल एवं सब्जियों में अनुसंधान का कार्य किया जा सकेगा और किसानों को नवीनतम किस्में प्राप्त हो सकेंगी। उद्यानिकी में विशेषज्ञता वाले विद्यार्थियों के स्नातक होने पर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। गौड़ ने बताया कि जिले में किन्नू, खजूर, नींबू, माल्टा, आंवला, अमरूद की खेती की जाती है। इसके अलावा गाजर, मूली, टमाटर, बैंगन, मटर आदि भी यहां उगाये जाते हैं। सरकार अगले कृषि बजट में जिले में उद्यानिकी कॉलेज खोलने की घोषणा करें तो यहां के लोगों को लाभ होगा।

- विधायक गौड़ ने इस बारे में सीएम को पत्र लिखा

## महादेव मन्दिर का स्थापना दिवस मनाया

**बीकानेर, (कासं)।** जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित श्रीसर्वसिद्धेश्वर महादेव मन्दिर के 36 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये।

शिव मन्दिर प्रन्यास के सचिव नलिन सारवाल ने बताया कि प्रात:काल में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ छप्पन भोग भगवान को अर्पित किया गया तथा लघु अभिषेक किया गया। सांयकाल में श्रीहनुमान चालीसा का सवा घंटा सामूहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रन्यास के उपस्थित पदाधिकारियों और साधकों ने मन्दिर द्वारा विभिन्न पर्व और उत्सवों पर आयोजित अनुष्ठानों का संचालन और अधिक प्रभावी ढंग से कैसे किया जाये पर विचार विमर्श किया।

## कूलर एसोसिएशन अस्पतालों में कूलरों की करेगी फ्री मरम्मत

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर फाइबर कूलर एसोसिएशन ने सामाजिक सरोकार के कार्यों के तहत फिर से इस वर्ष भी अस्पतालों में कूलरों की निशुल्क मरम्मत करेगी।

बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया के नेतृत्व में बीकानेर फाइबर कूलर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन से पूरे पीबीएम अस्पताल सहित बीकानेर की सरकारी अस्पतालों व डिस्पेंसरियों के कूलर निशुल्क मरम्मत करवाने के लिए मिले। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने आयुक्त नीरज के. पवन से मांग की है कि फाइबर एसोसिएशन को मरम्मत हेतु कूलर सहजता से उपलब्ध हो पाये इसके लिए एक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया जाए।

- एसोसिएशन के पदाधिकारी संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन से मिले

एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश राजपुरोहित ने बताया कि एसोसिएशन के इस कदम से गर्मियों के मौसम में शहर के तमाम सरकारी अस्पतालों के सैकड़ों मरीजों को सुकून मिलेगा। बीकानेर फाइबर कूलर एसोसिएशन द्वारा सामाजिक सरोकारों के मद्देनजर 10 फरवरी से 10 मार्च की अवधि तक बीकानेर के सभी सरकारी अस्पतालों, डिस्पेंसरी एवं पीबीएम अस्पताल में खराब पड़े सभी तरह के कूलरों (लोहे, फाइबर व प्लास्टिक) के नि:शुल्क मरम्मत का काम करवाना प्रस्तावित है। फाइबर कूलर एसोसिएशन सामाजिक सरोकारों को लेकर सदैव अग्रणी भूमिका में रहा है और एसोसिएशन द्वारा समय-समय पर समाज हित में कार्य किए जाते रहे हैं। एसोसिएशन ने संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन से आग्रह किया है कि नोडल अधिकारी द्वारा बीकानेर फाइबर कूलर एसोसिएशन को सामाजिक सरोकारों के इस कार्य के लिए पूर्णतया सहयोग किया जाए।

## मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब आज संगरिया में

**हनुमानगढ़, (कासं)।** खाद्य पदार्थ में मिलावट करने वाले अब जरा सतर्क हो जाएं। जिले में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब सड़कों पर उतर गई है। आधुनिक उपकरणों से लैस यह मशीन कुछ ही देर में रिपोर्ट दे देगी।

यह मोबाइल लैब 11 फरवरी तक हनुमानगढ़ जिले में ही रहेगी। जिसमें नि:शुल्क खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच कराई जा सकती है। खाद्य कारोबारी अपने उत्पादों की जांच यहां करा सकते हैं। इसके अलावा जिले का कोई भी नागरिक खाद्य सामग्री की जांच करवा सकता है। मोबाइल फूड लैब को हनुमानगढ़ विधायक चौधरी विनोद कुमार ने आज हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ जिला प्रमुख कविता मेघवाल, अतिरिक्त कलेक्टर प्रतिभा देवठिया, नगर परिषद सभापति गणेशराज बंसल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक असीजा, पूर्व प्रधान दयाराम जाखड़, भूपेन्द्र चौधरी, कृष्ण जैन, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, पीएमओ डॉ. दीपकमित्र सैनी, आरसीएचओ डॉ. विक्रमसिंह, एसीएमएचओ डॉ. पवन कुमार सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, सीएमएचओ कार्यालय का स्टॉफ एवं नागरिकगण उपस्थित थे। मोबाइल फूड लैब ने आज हनुमानगढ़ जंक्शन एवं टाउन में खाद्य सामग्री की जांच की।

**नाम परिवर्तन**

सौरव पुत्र स्व.श्री छोटू सिंह निवासी 12/129मुक्ताप्रसाद नगर बीकानेर। मेरे पिताजी का खरीदशुदा मकान सं.12/129 मुक्ताप्रसाद नगर बीकानेर का मूल कब्जा पत्र जो अशोक कुमार पुत्र स्व.हंसराजजी ,मोहनक्वार्टरनं.13रानीबाजार बीकानेर के नाम से था जो मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसे भी मिले उपरोक्त पते पर /मोबाईल नं.8209324728 पर सूचना देवे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या 137 to 140-21-22**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 02.03.2022 को 15.00 बजे** तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या: 137; कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर, सिरसा के अधीन हिसार-बठिण्डा खण्ड पर स्थित बड़ागुड़ा स्टेशन पर अतिरिक्त द्वितीय प्लेटफार्म का प्रावधान तथा न्योलीकला, सुखचैन हॉल्ट एवं बड़ागुड़ा स्टेशनों पर यात्री प्लेटफॉर्म को ऊँचा करके हाई लेवल करना। **अनुमानित लागत मूल्य : Rs. 75440733.55; धरोहर राशि : Rs. 527300.00; निविदा संख्या: 138; कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के अधीन रेवाड़ी-सादुलपुर खण्ड पर स्थित दहिना जैनाबाद व जैरपुरपाली स्टेशनों पर यात्री प्लेटफार्म को ऊँचा करके हाई लेवल करना। **अनुमानित लागत मूल्य: Rs. 30890308.88; धरोहर राशि : Rs. 304500.00; निविदा संख्या: 139; कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मण्डल इंजीनियर, भिवानी के अधीन रोहतक-भिवानी खण्ड पर स्थित लाहली स्टेशन पर अतिरिक्त द्वितीय प्लेटफार्म का प्रावधान तथा रेवाड़ी-हिसार खण्ड पर स्थित सुई स्टेशन पर यात्री प्लेटफार्म को ऊँचा करके हाई लेवल करना। **अनुमानित लागत मूल्य : Rs. 46313581.51; धरोहर राशि: Rs. 381600.00; निविदा संख्या: 140;**

## बाड़े से 23 भेड़ चोरी,मामला दर्ज

**हनुमानगढ़, (कासं)।** कुछ समय पहले कई गांवों से गधे चोरी हुए थे तो थाना चर्चा में आ गया था। अब भेड़ें चोरी हो रही हैं। थाना क्षेत्र के गांव भगवानसर में बाड़े में बंधी 23 भेड़ों को रात के समय अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। इस संबंध में भेड़ पालक ने खुइयां पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार मामराज (45) पुत्र मुखराम जाट निवासी भगवानसर ने रिपोर्ट दी कि वह रेवड़ चराता है। उसके भाई रामस्वरूप और सुरेश भादू के पास कुल 150 भेड़ें हैं। रविवार को वह भांजे की शादी में गया हुआ था। रेवड़ को उसका भाई रामस्वरूप चराने के लिए लेकर गया था। भेड़ों को चराकर शाम को उसके भाई रामस्वरूप ने घर के पास बने बाड़े में भेड़ों को बंद कर दिया। सोमवार सुबह उसने व उसके भाई रामस्वरूप ने बाड़े में जाकर देखा तो भेड़ों की संख्या कम दिखाई दी। इस पर भेड़ें गिनी तो बाड़े में 23 भेड़ें कम थी। साथ ही बाड़े के पास पिकअप वाहन के टायर के निशान मिले।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का शुभारंभ

**बीकानेर, (कासं)।** श्री जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यशपाल आहुजा कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में बताया कि सफलता प्राप्त करने के लिए छात्र जीवन के पांच गुणों काक चेष्टा, वकोध्यानम, श्वान निद्रा, अल्पाहारी गृह त्यागी को आवश्यक रूप से ग्रहण करना चाहिए। अपने जीवन का दृढ़ लक्ष्य का निर्धारण व उसको प्राप्त करने के लिए कठोर श्रम करना ही सफलता की कुंजी है। साथ ही उन्होंने अपने स्वयं के विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को भी साझा किया।




बीकानेर के जैन पीजी कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर एमजीएस विवि. के कुलसचिव यशपाल आहुजा ने संगोष्ठी को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध समिति के पदाधिकारी मंत्री माणकचन्द कोचर, उपाध्यक्ष निर्मल कुमार धारीवाल तथा उपमंत्री राजेन्द्र लूणिया की उपस्थिति में मुख्य अतिथि के कर-कमलों से उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवराम सिंह झाझड़िया ने बताया कि वर्तमान समय में सरकारी नौकरी में भर्ती की तैयारी के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए महाविद्यालय में सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी तथा सामान्य गणित की नि:शुल्क कक्षाएं नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रारम्भ की जा रही है। विद्यार्थियों के बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिए सह-शैक्षणिक गतिविधियों का भी संचालन किया जाता है।

- कुलसचिव आहुजा ने स्वयं के विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा किया

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अतिरिक्त कक्षाओं के बारे में विस्तार से समझाया गया। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष निर्मल कुमार धारीवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के बौद्धिक व सर्वांगीण विकास के लिए ये कक्षाएं कारगर साबित होगी।